# बिहार सरकार
## कृषि विभाग

पत्रांक :— DoH/SS/10/2025 – भा०भा०स्था० – 159 – /कृ०, पटना, दिनांक–05.10., 2025

प्रेषक,

**कल्पना कुमारी,**
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।
द्वारा : **वित्त विभाग, बिहार, पटना। (+)**

(+) **अनौपचारिक रूप से परामर्शित**

विषय : **राज्य योजना मद से उद्यानिक फसलों हेतु विशेष हस्तक्षेप (प्लास्टिक क्रेटस, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग) के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 3826.6000 लाख (अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख साठ हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

राज्य योजना मद से उद्यानिक फसलों हेतु विशेष हस्तक्षेप (प्लास्टिक क्रेटस, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग) के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 3826.6000 लाख (अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख साठ हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों द्वारा उत्पादित फलों एवं सब्जियों के फसलोत्तर प्रबंधन यथा – कृषि उत्पाद को कीट व्याधि एवं परिवहन के क्रम में होने वाली क्षति से बचाने हेतु प्लास्टिक क्रेट्स, फ्रूट ट्रैप बैग एवं लेनो बैग को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराकर फसलों के मूल्य में संवर्द्धन करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है।
3. इस योजनांतर्गत प्लास्टिक क्रेट्स एवं लेनो बैग का लाभ राज्य के सभी 38 जिलों के सब्जी एवं फल उत्पादक किसानों तथा फ्रूट ट्रैप बैग का लाभ सिर्फ केला उत्पादक किसानों को दिया जायेगा। योजना का आकार अनुसूची–1 एवं जिलावार, घटकवार लक्ष्य विवरणी अनुसूची–2 के रूप में संलग्न है।
4. इस योजना का कार्यान्वयन खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम आधारित उद्यानिक फसलों के लिए किया जायेगा। तद्‌लोक में योजना हेतु स्वीकृत राशि 3826.6000 लाख (अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख साठ हजार) रूपये का व्यय खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम में क्रमशः 50 प्रतिशत, 30 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत के अनुपात में किया जायेगा। इस योजना के लिए चयनित तीनों उपादानों यथा प्लास्टिक क्रेट्स, फ्रूट ट्रैप बैग एवं लेनो बैग के लिए लक्ष्य का निर्धारण खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम में उत्पादित उद्यानिक उत्पाद की प्रकृति एवं मात्रा के अनुरूप आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
5. इस योजना अन्तर्गत प्रति कृषक हेतु प्लास्टिक क्रेट्स न्यूनतम 10 एवं अधिकतम 50, लेनो बैग न्यूनतम 100 एवं अधिकतम 1000 तथा फ्रूट ट्रैप बैग न्यूनतम 300 एवं अधिकतम 10000 की संख्या में लाभ दिया जायेगा।
6. इस योजनान्तर्गत प्लास्टिक क्रेट्स, लेनो बैग एवं फ्रूट बैग का यूनिट कॉस्ट फरवरी–2025 में प्रकाशित ई–निविदा में प्राप्त L-1 दर क्रमशः 400.00 रूपये, 20.00 रूपये, एवं 30.00 रूपये रखा गया है एवं अनुदान दर की राशि वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुरूप ही प्लास्टिक क्रेट्स एवं लेनो बैग पर 80 प्रतिशत तथा फ्रूट ट्रैप बैग पर 50 प्रतिशत रखी गयी है।
7. इस योजना के लिए चयनित तीनों उपादानों के वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के माह मार्च, 2025 में ई. निविदा के माध्यम से चयनित एवं सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं को वित्तीय वर्ष 2025–26 में आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जायेगा। आपूर्तिकर्त्ताओं का जिलावार सम्बद्धन एवं उपादान वितरण के भौतिक लक्ष्य का आवंटन पारदर्शिता के साथ उद्यान निदेशालय, बिहार द्वारा माननीय मंत्री, कृषि के अवलोकनोपरांत किया जायेगा।

8. "Vocal for Local" के तहत प्लास्टिक क्रेट्स, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग का बिहार के अन्दर स्थानीय निर्माणकर्ता को लक्ष्य आवंटन में वरीयता दी जाएगी।

9. योजनांतर्गत प्लास्टिक क्रेट्स, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग के Specification से संबंधित विवरणी निम्नवत हैः–

| S.N. | Item | Specification | Dimension |
|---|---|---|---|
| 1 | Plastic Crate | Inner Dimension | Length-49.50 cm to 52.50 cm<br>Width-31.80 cm to 33.80 cm<br>Height-27.20 cm to 28.30 cm |
| | | Outer Dimension | Length-52.60 cm to 55.80 cm<br>Width-34.90 cm to 37.10 cm<br>Height-29.10 cm to 30.90 cm |
| | | Handle Slot | 9.5 cm X 2.5 cm |
| | | Weight | 1.523 kg to 1.600 kg |
| | | Average thickness of Plastic Crate wall with ventilated side & Bottom with reinforced framework | 2.25 mm to 2.75 mm |
| 2 | Banana Fruit Trap Bag | Polypropylene (PP) Spun Bond Non Woven Fabric, 17 Gram per Square Meter, White Colour with String attached to tie Banana bunch | Length 120 cm X Width 60 cm |
| 3 | Leno Bag | 50 kg. Capacity, HDPE Woven Sack for packaging fruits & Vegetables 45 Gram per Square Meter | Length 120 cm X Width 60 cm |

10. आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी को लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग पर ''उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग, बिहार वित्तीय वर्ष 2025–26'' का Waterproof Label Tagging तथा प्लास्टिक क्रेट पर ''उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग, बिहार वित्तीय वर्ष 2025–26'' Hot Embossing करते हुए क्रमांकन करना (Sl No. लिखना) अनिवार्य होगा।

11. विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशन कर कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। साथ ही विज्ञापन की प्रति सभी जिलों में स्थापित जिला कृषि कार्यालयों/जिला उद्यान कार्यालयों/प्रखंड विकास कार्यालयों के सूचना पटल पर भी प्रदर्शित कराये जायेंगे, ताकि कृषकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। ऐसे सभी कृषकों को विभाग के DBT Portal पर निबंधित होना अनिवार्य होगा।

12. योजनान्तर्गत कृषकों से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त आवेदन की जाँच संबंधित प्रखंड उद्यान पदाधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के पाँच कार्य दिवस के अन्दर करते हुये जिला उद्यान पदाधिकारी के लॉगिन में अग्रेषित किया जाएगा। संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा उनके लॉगिन में अग्रेषित आवेदनों की जाँच करते हुए उद्यान निदेशालय को अग्रेषित करते हुये उपलब्ध करायी जायेगी। तद्‌परान्त जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा अग्रेषण के माध्यम से उद्यान निदेशालय को उपलब्ध कराये गये आवेदनों की लॉटरी निकाली जायेगी। तद्‌परांत लॉटरी के माध्यम से चयनित कृषकों की सूची संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी को उपलब्ध करायी जाएगी।

13. संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर DBT-in Kind/DBT-in Cash के रूप में संबंधित कृषक/चयनित आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में CFMS के माध्यम से अनुदान राशि अंतरित किया जाएगा।

14. जिन कृषकों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों के अन्दर इस योजना का लाभ लिया जा चुका है, को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा।

15. योजनान्तर्गत लाभान्वित कृषकों को दी गयी सामग्री का शत–प्रतिशत सत्यापन प्रखंड उद्यान पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। सहायक निदेशक उद्यान द्वारा 10 प्रतिशत तथा प्रमंडलीय उप निदेशक उद्यान द्वारा जिलावार निर्धारित लक्ष्य का 02 प्रतिशत सत्यापन किया जायेगा। उद्यान निदेशालय के पदाधिकारियों द्वारा भी आवश्यकतानुसार सत्यापन एवं योजना अनुश्रवण सुनिश्चित किया जायेगा।

16. योजना संबंधित कार्यान्वयन अनुदेश सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त कर अलग से निर्गत किया जायेगा।

17. इस योजनान्तर्गत राशि बजट में उपबंधित अनुपात सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 78.537 : 20.00 : 1.463 के अनुरूप व्यय निर्धारित है। सभी श्रेणी के लाभुकों में 30 (तीस) प्रतिशत महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

18. यह अनुदान की योजना है, इसमें मानव दिवस सृजन की संभावना शून्य है।

19. इस योजना अन्तर्गत स्वीकृत राशि की निकासी अनुसूची–3 के आलोक में संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक 17.04.1998 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संबंधित कोषागार से BTC Form-25 पर CFMS के माध्यम से निकासी किया जायेगा।

20. योजना कार्यान्वयन के क्रम में स्वीकृत राशि के अधीन यथावश्यक संशोधन/अन्तर परिवर्त्तन प्रशासी विभाग द्वारा किया जा सकेगा।

21. महालेखाकार को अंकेक्षण का अधिकार होगा।

22. योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी निदेशक उद्यान, बिहार होंगे।

23. योजना के लिए वितीय वर्ष 2025–26 में बजट उपबंध से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119– बागवानी तथा वनस्पति फसलें, माँग संख्या 01, उप शीर्ष 0101– उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401001190101, विषय शीर्ष 0101-3301 सब्सिडी। | 19084.490 | 3005.29684 |
| मुख्य शीर्ष "2401–फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष – 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, माँग संख्या 01, उप शीर्ष – 0130 उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007890130, विषय शीर्ष 0130-3301 सब्सिडी। | 4860.000 | 765.32000 |
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष– 00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या 01, उपशीर्ष 0152 – उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007960152, विषय शीर्ष 0152-33 01 सब्सिडी। | 355.510 | 55.98316 |
| कुल | **24300.000** | **3826.6000** |
| पूर्व वित्तीय वर्ष (2024–25) का दायित्व | | |
| सकल योग | **24300.000** | **3826.6000** |

24. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–1288 दिनांक–03.12.2024 तथा पत्रांक–201 दिनांक–13.03.2025 में निहित प्रावधान के आलोक में योजना प्रस्ताव लोक वित्त समिति से दिनांक–04.08.2025 को अनुशंसित है। योजना के कार्यान्वयन हेतु मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मद सं0–07 के रूप में दिनांक–03.10.2025 को संचिका संख्या–DoH/SS/10/2025 के पृ0 सं0– 44/टि0 पर प्राप्त है।

25. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० (2) दिनांक–05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

26. स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या –DoH/SS/10/2025 के पृष्ठ संख्या–46/टि० पर दिनांक–04.10.2025 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या– 791 दिनांक– 04.10.2025 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(कल्पना कुमारी)
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

D:\Sarita\Yojna 25-26\Amit Ji\Sanction Order\Lenobag 3826 Lakh.doc

पत्रांक :– DoH/SS/10/2025 - पी० पी० एम० - 159 - /कृ०, पटना, दिनांक– 04.10.,2025

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक :– DoH/SS/10/2025 - पी० पी० एम० - 159 - /कृ०, पटना, दिनांक– 04.10.,2025

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग एवं वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक :– DoH/SS/10/2025 - पी० पी० एम० - 159 - /कृ०, पटना, दिनांक–04.10.,2025

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक :– DoH/SS/10/2025 - पी० पी० एम० - 159 - /कृ०, पटना, दिनांक– 04.10.,2025

प्रतिलिपि : सभी संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक :– DoH/SS/10/2025 - पी० पी० एम० - 159 - /कृ०, पटना, दिनांक– 04.10.,2025

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव /निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक उद्यान /संबंधित, जिला उद्यान पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक :– DoH/SS/10/2025 - पी० पी० एम० - 159 - /कृ०, पटना, दिनांक– 04.10.,2025

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई–मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

# अनुसूची–1

| चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत बागवानी विकास योजनान्तर्गत राज्य योजना मद से विशेष हस्तक्षेप (प्लास्टिक क्रेट्स, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग) योजना वर्ष 2025–26 की कार्य योजना। | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | (भौतिक संख्या एवं वित्तीय लाख रूपये में) |
| क्र० सं० | घटक | इकाई लागत (लाख रूपये में) | अनुदान प्रतिशत | निर्धारित सहायतानुदान की राशि (लाख रूपये में) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (लाख रूपये में) |
| 1 | प्लास्टिक क्रेट्स | 0.00400 | 80% | 0.00320 | 1025000 | 3280.00 |
| 2 | लेनो बैग | 0.00020 | 80% | 0.00016 | 2385000 | 381.60 |
| 3 | फ्रूट ट्रैप बैग | 0.00030 | 50% | 0.00015 | 1100000 | 165.00 |
| | | | | योग | **4510000** | **3826.60** |

( अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख साठ हजार रूपये मात्र)

संजय कुमार सिन्हा

निदेशक उद्यान, बिहार।

अनुसूची–2

**चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत बागवानी विकास योजनान्तर्गत राज्य योजना मद से विशेष हस्तक्षेप (प्लास्टिक क्रेट्स, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग) योजना वर्ष 2025–26 की जिलावार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य विवरणी**

(भौतिक संख्या एवं वित्तीय लाख रूपये में)

| क्र० सं० | जिला का नाम | प्लास्टिक क्रेट्स | | लेनो बैग | | फ्रूट ट्रैप बैग | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य |
| 1 | अररिया | 15000 | 48.000 | 50000 | 8.000 | 20000 | 3.000 | 59.000 |
| 2 | अरवल | 10000 | 32.000 | 40000 | 6.400 | 20000 | 3.000 | 41.400 |
| 3 | औरंगाबाद | 28000 | 89.600 | 50000 | 8.000 | 20000 | 3.000 | 100.600 |
| 4 | बांका | 28000 | 89.600 | 50000 | 8.000 | 20000 | 3.000 | 100.600 |
| 5 | बेगूसराय | 70000 | 224.000 | 100000 | 16.000 | 30000 | 4.500 | 244.500 |
| 6 | भागलपुर | 25000 | 80.000 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 92.500 |
| 7 | भोजपुर | 15000 | 48.000 | 40000 | 6.400 | 30000 | 4.500 | 58.900 |
| 8 | बक्सर | 15000 | 48.000 | 30000 | 4.800 | 20000 | 3.000 | 55.800 |
| 9 | दरभंगा | 22000 | 70.400 | 40000 | 6.400 | 10000 | 1.500 | 78.300 |
| 10 | पूर्वी चम्पारण | 28000 | 89.600 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 102.100 |
| 11 | गया | 28000 | 89.600 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 102.100 |
| 12 | गोपालगंज | 15000 | 48.000 | 40000 | 6.400 | 20000 | 3.000 | 57.400 |
| 13 | जमुई | 15000 | 48.000 | 40000 | 6.400 | 20000 | 3.000 | 57.400 |
| 14 | जहानाबाद | 30000 | 96.000 | 50000 | 8.000 | 20000 | 3.000 | 107.000 |
| 15 | कैमूर | 20000 | 64.000 | 50000 | 8.000 | 20000 | 3.000 | 75.000 |
| 16 | कटिहार | 10000 | 32.000 | 60000 | 9.600 | 40000 | 6.000 | 47.600 |
| 17 | खगड़िया | 15000 | 48.000 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 60.500 |
| 18 | किशनगंज | 15000 | 48.000 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 60.500 |
| 19 | लक्खीसराय | 100000 | 320.000 | 50000 | 8.000 | 20000 | 3.000 | 331.000 |
| 20 | मधेपुरा | 15000 | 48.000 | 70000 | 11.200 | 40000 | 6.000 | 65.200 |
| 21 | मधुबनी | 20000 | 64.000 | 60000 | 9.600 | 30000 | 4.500 | 78.100 |
| 22 | मुंगेर | 20000 | 64.000 | 70000 | 11.200 | 40000 | 6.000 | 81.200 |
| 23 | मुजफ्फरपुर | 25000 | 80.000 | 100000 | 16.000 | 50000 | 7.500 | 103.500 |
| 24 | नालंदा | 45000 | 144.000 | 150000 | 24.000 | 30000 | 4.500 | 172.500 |
| 25 | नवादा | 30000 | 96.000 | 80000 | 12.800 | 30000 | 4.500 | 113.300 |
| 26 | पटना | 80000 | 256.000 | 150000 | 24.000 | 50000 | 7.500 | 287.500 |
| 27 | पूर्णियाँ | 25000 | 80.000 | 70000 | 11.200 | 50000 | 7.500 | 98.700 |
| 28 | रोहतास | 35000 | 112.000 | 80000 | 12.800 | 40000 | 6.000 | 130.800 |
| 29 | सहरसा | 15000 | 48.000 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 60.500 |
| 30 | समस्तीपुर | 30000 | 96.000 | 100000 | 16.000 | 50000 | 7.500 | 119.500 |
| 31 | सारण | 30000 | 96.000 | 80000 | 12.800 | 10000 | 1.500 | 110.300 |
| 32 | शेखपुरा | 16000 | 51.200 | 50000 | 8.000 | 10000 | 1.500 | 60.700 |
| 33 | शिवहर | 15000 | 48.000 | 25000 | 4.000 | 10000 | 1.500 | 53.500 |
| 34 | सीतामढ़ी | 25000 | 80.000 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 92.500 |
| 35 | सिवान | 25000 | 80.000 | 50000 | 8.000 | 30000 | 4.500 | 92.500 |
| 36 | सुपौल | 15000 | 48.000 | 35000 | 5.600 | 20000 | 3.000 | 56.600 |
| 37 | वैशाली | 35000 | 112.000 | 100000 | 16.000 | 50000 | 7.500 | 135.500 |
| 38 | पश्चिमी चम्पारण | 20000 | 64.000 | 75000 | 12.000 | 40000 | 6.000 | 82.000 |
| | **योग** | **1025000** | **3280.000** | **2385000** | **381.600** | **1100000.00** | **165.000** | **3826.600** |

(अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख साठ हजार रूपये मात्र)

निदेशक उद्यान, बिहार।

संजय कुमार सिन्हा

## अनुसूची –3

| चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत बागवानी विकास योजनान्तर्गत राज्य योजना मद से विशेष हस्तक्षेप (प्लास्टिक क्रेट्स, लेनो बैग एवं फ्रूट ट्रैप बैग) योजना वर्ष 2025–26 की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार तथा श्रेणीवार वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण। (लाख रू० में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | जिला/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | सामान्य जाति (@78.537) | अनुसूची जाति (@20.00) | अनुसूची जनजाति (@1.463) | कुल वित्तीय |
| 1 | सहायक निदेशक उद्यान, अररिया | 46.33683 | 11.80000 | 0.86317 | 59.000 |
| 2 | सहायक निदेशक उद्यान, अरवल | 32.51432 | 8.28000 | 0.60568 | 41.400 |
| 3 | सहायक निदेशक उद्यान, औरंगाबाद | 79.00822 | 20.12000 | 1.47178 | 100.600 |
| 4 | सहायक निदेशक उद्यान, बाँका | 79.00822 | 20.12000 | 1.47178 | 100.600 |
| 5 | सहायक निदेशक उद्यान, बेगूसराय | 192.02297 | 48.90000 | 3.57703 | 244.500 |
| 6 | सहायक निदेशक उद्यान, भागलपुर | 72.64673 | 18.50000 | 1.35327 | 92.500 |
| 7 | सहायक निदेशक उद्यान, भोजपुर | 46.25829 | 11.78000 | 0.86171 | 58.900 |
| 8 | सहायक निदेशक उद्यान, बक्सर | 43.82365 | 11.16000 | 0.81635 | 55.800 |
| 9 | सहायक निदेशक उद्यान, दरभंगा | 61.49447 | 15.66000 | 1.14553 | 78.300 |
| 10 | सहायक निदेशक उद्यान, पूर्वी चम्पारण | 80.18628 | 20.42000 | 1.49372 | 102.100 |
| 11 | सहायक निदेशक उद्यान, गया | 80.18628 | 20.42000 | 1.49372 | 102.100 |
| 12 | सहायक निदेशक उद्यान, गोपालगंज | 45.08024 | 11.48000 | 0.83976 | 57.400 |
| 13 | सहायक निदेशक उद्यान, जमुई | 45.08024 | 11.48000 | 0.83976 | 57.400 |
| 14 | सहायक निदेशक उद्यान, जहानाबाद | 84.03460 | 21.40000 | 1.56540 | 107.000 |
| 15 | सहायक निदेशक उद्यान, कैमूर | 58.90275 | 15.00000 | 1.09725 | 75.000 |
| 16 | सहायक निदेशक उद्यान, कटिहार | 37.38361 | 9.52000 | 0.69639 | 47.600 |
| 17 | सहायक निदेशक उद्यान, खगड़िया | 47.51489 | 12.10000 | 0.88511 | 60.500 |
| 18 | सहायक निदेशक उद्यान, किशनगंज | 47.51489 | 12.10000 | 0.88511 | 60.500 |
| 19 | सहायक निदेशक उद्यान, लखीसराय | 259.95747 | 66.20000 | 4.84253 | 331.000 |
| 20 | सहायक निदेशक उद्यान, मधेपुरा | 51.20612 | 13.04000 | 0.95388 | 65.200 |
| 21 | सहायक निदेशक उद्यान, मधुबनी | 61.33740 | 15.62000 | 1.14260 | 78.100 |
| 22 | सहायक निदेशक उद्यान, मुंगेर | 63.77204 | 16.24000 | 1.18796 | 81.200 |
| 23 | सहायक निदेशक उद्यान, मुजफ्फरपुर | 81.28579 | 20.70000 | 1.51421 | 103.500 |
| 24 | सहायक निदेशक उद्यान, नालन्दा | 135.47632 | 34.50000 | 2.52368 | 172.500 |
| 25 | सहायक निदेशक उद्यान, नवादा | 88.98242 | 22.66000 | 1.65758 | 113.300 |
| 26 | सहायक निदेशक उद्यान, पटना | 225.79388 | 57.50000 | 4.20612 | 287.500 |
| 27 | सहायक निदेशक उद्यान, पूर्णियाँ | 77.51602 | 19.74000 | 1.44398 | 98.700 |
| 28 | सहायक निदेशक उद्यान, रोहतास | 102.72639 | 26.16000 | 1.91361 | 130.800 |
| 29 | सहायक निदेशक उद्यान, सहरसा | 47.51488 | 12.10000 | 0.88512 | 60.500 |
| 30 | सहायक निदेशक उद्यान, समस्तीपुर | 93.85172 | 23.90000 | 1.74828 | 119.500 |
| 31 | सहायक निदेशक उद्यान, सारण | 86.62631 | 22.06000 | 1.61369 | 110.300 |
| 32 | सहायक निदेशक उद्यान, शेखपुरा | 47.67195 | 12.14000 | 0.88805 | 60.700 |
| 33 | सहायक निदेशक उद्यान, शिवहर | 42.01730 | 10.70000 | 0.78270 | 53.500 |
| 34 | सहायक निदेशक उद्यान, सीतामढ़ी | 72.64672 | 18.50000 | 1.35328 | 92.500 |
| 35 | सहायक निदेशक उद्यान, सिवान | 72.64672 | 18.50000 | 1.35328 | 92.500 |
| 36 | सहायक निदेशक उद्यान, सुपौल | 44.45194 | 11.32000 | 0.82806 | 56.600 |
| 37 | सहायक निदेशक उद्यान, वैशाली | 106.41763 | 27.10000 | 1.98237 | 135.500 |
| 38 | सहायक निदेशक उद्यान, पश्चिमी चम्पारण | 64.40034 | 16.40000 | 1.19966 | 82.000 |
| | कुल | **3005.29684** | **765.32000** | **55.98316** | **3826.60000** |

(अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख साठ हजार रूपये मात्र)

निदेशक उद्यान, बिहार।

संजय कुमार सिन्हा